INDIAN SCHOOL MUSCAT
PRIMARY SECTION
REVISION WORKSHEET
STD III

पाठ - पौधों का जीवन

क) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न 1 रात को बेल हिलाने पर माँ ने काजल से क्या कहा?

उत्तर माँ ने काजल से कहा कि रात के समय पौधे सो रहे होते हैं।इसलिए पौधों को नहीं छेड़ना चाहिए ।

प्रश्न 2 पेड़ की जड़ें पौधों के लिए क्या काम करती हैं?

उत्तर पेड़ की जड़ें धरती से खनिज और पानी चूसकर तने की ओर धकेलती हैं । जड़ें पौधों को मिट्टी में मज़बूती से पकड़कर भी रखती हैं ।

प्रश्न 3 पत्तों को हम किस रूप में खाते हैं?

उत्तर पत्तों को हम मेथी, पालक, सरसों, चने और चौलाई आदि साग के रूप में खाते हैं।

प्रश्न 4 पौधों के बारे में पहले लोग क्या सोचते थे और सच्चाई क्या है?

उत्तर पौधों के बारे में पहले लोग यह सोचते थे कि पौधों में जीवन नहीं होता किंतु बाद में प्रयोगों से पता चला कि पौधों में भी जीवन होता है।

ख) वाक्य बनाइए ।

1 प्रयोग - हम लिखने के लिए कलम का प्रयोग करते हैं ।
2 सिद्ध - बच्चों ने यह सिद्ध किया कि वे कोई भी काम कर सकते हैं ।
3 निर्जीव - पहाड़ निर्जीव होते हैं ।
4 वनस्पति - वनस्पति हमारे लिए बहुत ज़रूरी है।
5 वैज्ञानिक - मैं बड़ा होकर वैज्ञानिक बनूँगा।